**प्रेस नोट**
**दिनांक 10.08.2025**

## रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन गोण्डा में RTC जवानों के मध्य मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन -

दिनांक 09.08.2025 को रक्षाबंधन के पावन पर्व पर पुलिस लाइन गोण्डा में पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के नेतृत्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के उत्साहवर्धन एवं मनोबल को सुदृढ़ करने हेतु एक मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन कराया गया, जिसमें रिक्रूट आरक्षियों ने प्रतिभाग किया , मैच पुलिस अधीक्षक एकादश व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी एकादश के बीच हुआ, जिसका आरम्भ श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा टॉस का सिक्का उछाल कर किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत द्वारा टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया गया । इस अवसर पर प्रशिक्षणरत जवानों को न केवल शारीरिक रूप से सक्रिय रखने, बल्कि उनमें टीम भावना, आपसी सहयोग और खेल भावना का विकास करने पर विशेष बल दिया गया । मैच में पुलिस अधीक्षक गोण्डा एकादश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय के 30 एवं रिक्रूट आरक्षी सुधीर कुमार के बहुमूल्य 23 रनों के सहयोग से निर्धारित 12 ओवर में 07 विकेट के नुकसान पर 91 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया, गेंदबाजी में अपर पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार रावत ने सर्वाधिक 04 विकेट लिए । अपर पुलिस अधीक्षक एकादश के रिक्रूट आरक्षी राघव बाजपेई के 26 रनों की मदद से11.5 ओवर में 05 विकेट खोकर 92 रन बनाकर मैच जीत लिया । दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। दोनों ओर से बेहतरीन बल्लेबाज़ी, शानदार गेंदबाज़ी और उम्दा क्षेत्ररक्षण का प्रदर्शन हुआ, जिससे दर्शकों में रोमांच बना रहा। मैच के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं प्रशिक्षण स्टाफ ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया । पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल ने इस अवसर पर कहा कि खेलकूद पुलिस बल के जवानों के लिए अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह न केवल शारीरिक फिटनेस को बनाए रखता है, बल्कि मानसिक संतुलन, त्वरित निर्णय क्षमता और आपसी सहयोग की भावना को भी मजबूत करता है। उन्होंने सभी रिक्रूट आरक्षियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। मैच के उपरांत विजेता टीम को ट्रॉफी एवं प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत की बेहतरीन गेंदबाजी के लिए उन्हे मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। मैच समाप्त होने के बाद पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल एवं अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत ने सभी प्रशिक्षु आरक्षियों के साथ पुलिस मेस में बैठकर सामूहिक रात्रि भोज किया । इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षणरत जवानों से बातचीत की, उनके अनुभव सुने और उन्हें बेहतर प्रशिक्षण के लिए प्रेरित किया । पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस बल का वास्तविक बल उसके अनुशासित, ऊर्जावान और समर्पित जवान होते हैं, और ऐसे आयोजनों से उनकी शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ मानसिक संतुलन और आपसी एकजुटता में वृद्धि होती है। रात्रि भोज के दौरान प्रशिक्षु आरक्षियों ने भी अपने विचार साझा किए और आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। पूरे कार्यक्रम में सौहार्दपूर्ण और पारिवारिक माहौल रहा, जिससे रक्षाबंधन का यह दिन सभी के लिए यादगार बन गया।

**इस आयोजन में सहायक पुलिस अधीक्षक लाइन श्री अभिषेक दावाच्या व पुलिस लाइन के अधिकारी, कर्मचारी एवं प्रशिक्षणरत् आरक्षियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 10.08.2025**

## थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा टप्पेबाजी करने की आरोपी अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से पीली धातु की एक अदद चैन व एक अदद लाकेट बरामद-

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में थाना को0 नगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-615/24, धारा 303(2), 317(2) बीएनएस थाना को0नगर से सम्बन्धित वांछित अभियुक्ता श्रीमती प्रेमा देवी पत्नी मुन्नी लाल निवासी जारेडिहवा दूबौलिया थाना दूधारा जनपद संत कबीर नगर को एल०बी०एस० चौराहे से रोडवेज बस अड्डा के बी०एस०एन०एल० आफिस के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पीली धातु की एक अदद चैन व एक अदद लाकेट बरामद किया गया।

## घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 09.08.2025 को वादिनी रजनी पत्नी हीरालाल नि0 ग्राम कहारन पुरवा, लाखाई पूतली तारा, थाना पयागपुर, जनपद बहराइच द्वारा लिखित तहरीर दी गई कि वह अपनी बहन के साथ घर जाने के लिए रोडवेज बस पर चढ़ते समय किसी अज्ञात महिला ने गले से सोने की चैन खींच ली, सूचना पर थाना को0 नगर पर मु0अ0सं0-615/24, धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। आज दिनांक 10.08.2025 को थाना को0 नगर के उ0नि0 डिग्री प्रसाद गौतम चौकी प्रभारी रोडवेज मय हमराह फोर्स के साथ क्षेत्र भ्रमण में रवाना थे कि सूचना के आधार पर एल०बी०एस० चौराहे से रोडवेज बस अड्डा के बी0एस0एन0एल0 आफिस के पास से टप्पेबाजी करने की आरोपी अभियुक्ता प्रेमा देवी पत्नी मुन्नी लाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पीली धातु की एक अदद चैन मय लाकेट बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्ता के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

## गिरफ्तार अभियुक्त-

01. श्रीमती प्रेमा देवी पत्नी मुन्नी लाल निवासी जारेडिहवा दूबौलिया थाना दूधारा जनपद संत कबीर नगर।

## अनावरित अभियोग-

01. मु0अ0सं0-615/24, धारा 303(2),317(2) बीएनएस थाना को0 नगर, जनपद गोण्डा।

## बरामदगी-

01. 01 अदद पीली धातु की चैन
02. 01 अदद पीली धातु का लाकेट।

## गिरफ्तार कर्ता टीम-

01. उ0नि0 डिग्री प्रसाद गौतम चौकी प्रभारी रोडवेज
02. कां0 रामनाथ प्रजापति
03. कां० राहुल गौड़
04. म0कां0 संगीता रावत

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 10.08.2025**

**परिवार परामर्श केन्द्र में 01 जोड़ा एक साथ रहने को हुआ राजीः-**

गोण्डा। रविवार जनपद गोण्डा के रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में परामर्शदाताओं द्वारा बिछडे जोड़ों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया तथा 01 जोड़े को समझा बुझाकर सुखी जीवन जीने हेतु राजी कर लिया गया।

**परिवार परामर्श केन्द्र में उपस्थिति सदस्यगण-**

क्षेत्राधिकारी सदर श्री विनय कुमार सिंह, महिला थाना प्र0नि0अनीता यादव, श्री यशोदानंदन त्रिपाठी, श्री शशि भारती, श्री राजमंगल मौर्य, म0आ0 श्वेता सिंह ,म0आ0 नेहा सिंह, म0आ0 श्रीतम यादव, म0आ0 रिया व म0आ0 पूनम पाल आदि उपस्थित रही।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**